HAMIRPUR POLICE

जनपद हमीरपुर

दिनांक 23.11.2023

पुलिस लाइन हमीरपुर एवं समस्त कार्यालयों,थानों व चौकियों में "पुलिस झंडा दिवस" का आयोजन किया गया::-

आज दिनांक 23.11.2023 को "पुलिस झंडा दिवस" के अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदया हमीरपुर द्वारा पुलिस लाइन हमीरपुर में पुलिस ध्वज फहराकर समस्त पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित किया गया।

साथ ही श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के संदेश को पढ़कर सुनाया गया एवं सभी को अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए पुलिस ध्वज की गरिमा बनाये रखने हेतु प्रेरित किया गया। उत्तर प्रदेश पुलिस विभाग के वीर जवानों के शौर्य, कर्तव्य परायणता एवं उत्कृष्ट कर्तव्यनिष्ठा के फलस्वरुप ही भारत के प्रथम प्रधानमंत्री,श्री जवाहर लाल नेहरु जी द्वारा दिनांक 23.11.1952 में सर्वप्रथम उ0प्र0 पुलिस को पुलिस ध्वज प्रदान किया गया था।

उ0प्र0 पुलिस पूरे भारत का प्रथम राज्य पुलिस बल है, जिसे उसके अप्रतिम योगदान के फलस्वरुप पुलिस कलर अर्थात पुलिस ध्वज प्रदान किया गया है, जो हम सभी के लिए गर्व का विषय है।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा पुलिस ऑफ़िस हमीरपुर एवं जनपद के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा थाना/चौकियों में ससम्मान पुलिस ध्वज फहराकर “पुलिस झंडा दिवस” मनाया गया।

पुलिस

1200

थाना मझगवाँ

कोतवाली-मुस्करा